# **मिथुन** राशि फल वर्ष २०२६

**मिथुन राशि फल :** वर्षारम्भ से गुरु के गोचर में मन अन्जाने भय से ग्रसित रहेगा। मान सम्मान की हानि होगी।शासन से पीड़ा रहेगी। कार्यस्थल पर झगड़े होगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। स्थान परिवर्तन होगा। व्यय बढ़ेगा। व्यर्थ के बैर होगे। चिन्ताग्रस्त होंगे। प्रापंचिक परेशानी में आयेंगे। कष्टपूर्ण प्रवास होगा। पारिवारिक झगड़े होंगे। विरोधियो का प्रभाव बढ़ेगा। स्वास्थय में गिरावट आयेगी। अन्यो के विषय में अशुभ विचार बनेगे। सन्तान तथा जीवन साथी से सुख में कमी रहेगी। वरिष्ठ अधिकारियो से वाद विवाद होने की सम्भावना रहेगी। अपेक्षाकृत शनि का गोचर शुभ फल देगा, गुरु कृत अरिष्ट फलो में कमी करेगा। कष्ट तथा मानसिक व्यथा से छुटकारा मिलेगा। सत्कार्यो में व्यस्तता रहेगी। नौकरी तथा रोजगार में संतोषजनक परिणाम प्राप्त होंगे। मान -प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। ह्रदय रोग की सम्भावना समाप्त होगी।

**जनवरी:** परिवार का आर्थिक सहयोग मिलेगा। विलासिता बढ़ेगी। शिक्षा में रुचि रहेगी। परिश्रम के अनुकूल कार्यो में सफलता मिलेगी। विरोधियो पर प्रभुत्व रहेगा। शासन -प्रशासन का सहयोग रहेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण होगा। 16 जनवरी से प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। ऋण को चुकाने में अनेक कठिनाईया आयेगी। अपमान जनक स्थिति बनेगी। धारदार वस्तु से चोट लगेगी। तेज ज्वर से पीड़ा होगी। पारिवारिक जीवन में बाधा आयेगी। स्थान परिवर्तन होगा। सन्तान सुख में कमी रहेगी। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नही करेगा। खानपान बिगड़ेगा।

शुभ दिन **:** 02, 06, 13, 25, 27, 29,

अशुभ दिन: 04, 08, 11, 16, 18, 21, 23, 31

**फरवरी:** मिथ्या आरोप लगने से मन संतप्त रहेगा। कार्यो में अवरोध आयेगे। यात्राओ में असुविधा होगी। प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। खानपान बिगड़ेगा। कार्य सुचारु रुप से न हो पाने का अफसोस होगा। सम्बन्धियो तथा सहोदरो से वैमनस्य रहेगा। धर्म तथा शास्त्रीय संदर्भो में छिद्रान्वेषण की प्रवृति रहेगी। 06 फरवरी से स्वास्थय में सुधार होगा। भोगोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। मित्रो से अपेक्षाकृत अच्छा लाभ मिलेगा। शासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। भाईयो का स्नेह तथा सहयोग रहेगा। देश के अन्दर ही लम्बी दूरी की यात्राये होगी। 13 फरवरी से अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। आय में कमी आयेगी। रोगो का प्रकोप होगा – मन अशांत तथा

VYAS PANCHANG

भयग्रस्त रहेगा। प्रयत्नो में असफलता से निराशा आयेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। प्रियजनो से अलग रहना होगा। वरिष्ठो तथा मित्रो से मतभेद रहेगा। निर्बलता से थकान बनेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा।

शुभ दिन : 02, 07, 10, 21, 23, 26,

अशुभ दिन : 05, 12, 15, 17, 19, 28

**मार्च:** मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थय लाभ करेगे।। आर्थिक उन्नति का योग बनेगा। महिलाओ के माध्यम से लाभ होगा। विरोध एवं विरोधी समाप्त होंगे। 15 मार्च से स्वास्थय पुनः बिगड़ेगा। वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो से वैचारिक मतभेदो से हानि होगी। अगर व्यर्थ वाद विवादों से बच कर रह सके तो लाभ होगा। किसी प्रतिष्ठित कार्य में असफलता का सामना करना पड़ेगा। पद प्रतिष्ठा विपरीत रुप से प्रभावित होगी। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी। आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। दाम्पत्य जीवन में असंतोष बनेगा। प्रेम सम्बन्धो में असफलता मिलेगी। मित्रो तथा सहकर्मियो से मतभेद तथा मनमुटाव होगा।

शुभ दिन : 02, 06, 09, 11, 21, 23, 25,

अशुभ दिन : 04, 14, 16, 18, 27, 29, 31

**अप्रैल:** किसी कार्यवश विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अपौष्टिक पदार्थो- जंक फूड़ आदि के भोजन से स्वास्थ्य खराब होगा। कठिन परिस्थितियो के निवारण के लिये अवांछित मार्ग अपनाकर मुसीबत मोल लेगे। 11 अप्रैल से वाक्‌चातुर्य -वाक बल से व्यवसायिक सफलता मिलेगी। विरोधी परास्त होगे। सामाजिक कार्यो में किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा। आर्थिक हानि होगी। घर परिवार में आध्यात्मिक अथवा मांगलिक कार्य स्थगित होगा। मन में दूषित विचार बनेंगे। अपेक्षित प्रशासकीय सहयोग नही मिलेगा। 19 अप्रैल से दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। परन्तु मित्रों से मतभेद होंगे। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। नये अनुबंधो के क्रियान्वन में बाधायें तथा अवरोध आयेंगे। भोग- विलास के साधनो में कमी आयेगी। खोई हुई वस्तु प्राप्त होगी। वस्त्रो अथवा सफेद वस्तुओ के व्यापार से लाभ होगा। सन्तान के विषय में चिन्ता बनेगी। शुभ कार्यो में प्रवृति रहेगी।

शुभ दिन : 03, 05, 08, 17, 19, 21, 30

अशुभ दिन : 10, 13, 15, 23, 25, 28,

VYAS PANCHANG

**मईः** भूमि- भवन सम्बन्धी कार्यो में हानि का योग होने से इस समय भूमि-भवन के विचार को निरस्त रखना हितावह रहेगा। कार्यो में असफलता मिलेगी। धनागमन में बाधा रहेगी। स्वास्थय गिरेगा। चले आ रहे मुकद्दमो में इच्छित परिणाम नही मिलेंगे। सहोदरो से मतभेद होंगे। 14 मई से आर्थिक लाभ मिलेगा। मन भोग विलास की ओर आकर्षित होगा। दुराचार की भावना बनेगी। अविवाहितो का विवाह का योग बनेगा। योग्य व्यक्तियो को सन्तान लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। आमोद प्रमोद तथा विलासिता के साधन प्राप्त होगे। मन सात्विक विचारो तथा सत्यता की और अग्रसर होगा। व्यापार में उन्नति होगी। तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यो, श्रंगारिक वस्तुओ तथा सौन्दर्य प्रसाधनो के माध्यम से आय होगी। वार्तालाप के माध्यम से अनेक कार्यो में सफलता मिलेगी। पदोन्नति सम्बन्धी विवाद समाप्त होंगे। सम्मानजनक स्थिति बनेगी। विद्यार्थियो की शिक्षा में प्रगति होगी। परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। स्थान परिवर्तन होगा। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से कष्ट रहेगा। 29 मई से अपव्यय होगा। बैक बाईटिंग से दूर रहना श्रेयस्कर रहेगा अन्यथा बन्धन योग का भय रहेगा। पारिवारिक विरोध होगा। बातचीत में अभद्र भाषा तथा अप्रिय शब्दो का अधिक प्रयोग करेगे। सम्बन्धो में हानि होगी। झगड़े झंझट बढ़ेगे। दुर्जनो - दुष्टो की साथ प्रिय लगेगा। किन्ही अवसरो पर बिन बुलाये मेहमान जैसा स्वागत होगा।

शुभ दिन : 03, 05, 14, 16, 18, 27, 30

अशुभ दिन : 08, 10, 12, 20, 23, 25,

**जूनः** धनागम प्रभावित होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में गिरावट आयेगी। उन्नति के अवसरों में बाधायें आयेगी। धार्मिक कार्यो तथा दानधर्म के कार्यो से मन हटेगा। कर्ज के कारण स्थाई सम्पत्ति को गिरवी रखने का योग बनेगा। नौकरी धन्धें में अपयश मिलेगा। पारिवारिक उलझने बढ़ेगी। स्वास्थय गिरोगा। 08 जून से प्रशासकीय लाभ मिलेगा। ललित कलाओ, शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नेत्र रोग तथा रक्त चाप से सम्बन्धित रोगों से छुटकारा मिलेगा। उपहार मिलेगा। पारिवारिक सुख रहेगा। सन्तान के कार्यो से मान-सम्मान बढ़ेगा। योग्य व्यक्तियो को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। सम्बन्धों में सुधार होगा। लाभकारी यात्रायें होंगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। सुखोपभोग की वस्तुये क्रय करेगे। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा।

शुभ दिन : 01, 04, 09, 11, 13, 15, 17, 24, 26, 29

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 06, 19, 21,

**जुलाई:** आर्थिक कठिनाई से बचें रहेंगे। रोजी रोजगार तथा कार्यालय की उलझने समाप्त होगी। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। भाग्योदय में रुकावट रहेगी। शासकीय कारणो से प्रताड़ित होंगे। धार्मिक कार्यो से मन हटेगा। सहकर्मियो के अनुचित कार्यो के लिये उत्तरदायी समझा जायेगा। परिश्रम में कमी आयेगी। 07 जुलाई से घर परिवार तथा सम्बन्धियो का सहयोग मिलेगा। बातचीत में भद्रता परीलक्षित होगी। झगड़े झंझट समाप्त होंगे। छिद्रान्वेषी मुंह की खायेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यय पर नियन्त्रण होगा। मानसिक तनाव समाप्त होगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियो से मेल मिलाप बढ़ेगा। विचारो में सात्विकता आयेगी। कृषि तथा वाणिज्य दोनो ही से लाभ प्राप्त करेंगे। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियो का सहयोग मिलेगा।

शुभ दिन : 01, 08, 10, 12, 14, 16, 21, 23, 26, 28,

अशुभ दिन : 04, 06, 31

**अगस्त:** अन्य के विचारो उचित स्थान देने पर कार्य सुचारु रुप से सम्पन्न होगे। परन्तु जीवन साथी से मतभेद होगे। परिवार का असहयोग रहेगा। शरीर तथा मन थका-थका रहेगा। उच्च ताप अथवा विषाक्त भोजन के कारण कष्ट होगा। शल्य क्रिया आपरेशन अथवा चोट लगने का भय दूर होगा। असामाजिक तत्वो से पीछा छूटेगा। विभिन्न उपद्रवो से शांति मिलेगी। शुभ यात्रायें होंगी। 05 अगस्त से प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। 22 अगस्त से आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। मन भयग्रस्त रहेगा। नया सहयोग क्रियान्वित होगा।

शुभ दिन : 04, 07, 09, 11, 13, 17, 20, 22, 25,

अशुभ दिन : 02, 15, 27, 29

**सितम्बर:** सन्तान के प्रति चिन्ता रहेगी। परिवार से मतभेद होंगे। पदाधिकारो में कमी आयेगी। विभिन्न हानि के कारण आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। वैभवी वस्तुओ से अरुचि होगी। प्रेमी युगलो में झगड़ा होगा। विभागीय परीक्षाओ में असफलता मिलेगी। मनोरंजक गतिविधियों के लिये समय का अभाव रहेगा। 07 सितम्बर से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। भूमि -भवन के कार्यो में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति अर्जित करेगे। विद्वत्जनो के सम्पर्क में आयेगे। 17 सितम्बर में झगड़े झंझटो के कारण सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान

VYAS PANCHANG

होगा। यात्राओ में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध बनेगे। 18 सितम्बर से मानसिक तनाव समाप्त होगा। राजकीय भय का निराकरण होगा। खोई वस्तु वापस मिलेगी। डायजेशन सम्बन्धित रोगो से मुक्ति मिलेगी। शारीरिक दुर्बलता दूर होगी। 26 सितम्बर के पश्चात् आकस्मिक रुप से किसी झगड़े झंझट में फंसेगे। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। उच्च ताप के चलते शरीर में शिथिलता आयेगी। योजनाओ के अनुरुप कार्यो में सफलता नही मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओ में असफलता मिलेगी।

शुभ दिन : 01, 03, 07, 09, 14, 18, 21, 26, 28, 30

अशुभ दिन : 05, 11, 16, 23,

**अक्तूबर:** मन किसी के प्रति आसक्त होगा। स्वभाव में व्यग्रता रहेगी। मन भ्रमित रहेगा। अपव्यय करेगे। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति का ह्रास होगा। मित्रो एवं हितेषियो से असुविधा होगा। स्वास्थय प्रभावित होगा। प्रशासनिक अधिकारियो से मतभेद होगे। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। परिवारिक मतभेद होगे। परिस्थितियां बिगड़ेगी। कार्यो में बाधाऐ बनेगी। गर्भपात की सम्भावना बनेगी। परीक्षा में असफलता मिलेगी। नौकरी में व्यवधान आयेगा। कष्टदायक अथवा अप्रिय स्थान पर स्थानान्तर होगा। भाग्योदय में अड़चन आयेगी।

शुभ दिन : 04, 06, 11, 16, 18, 23, 25, 27,

अशुभ दिन : 02, 09, 13, 21, 29

**नवम्बर:** घर- परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियो से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। सफलता साथ देगी। मनोकामनायें पूर्ण होगी। शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा। जीवन में सुख, वैभव रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। धातुओ के व्यापार से लाभ होगा। स्वभाव में जिद्द तथा अहम बढ़ेगा। 16 नवम्बर से स्वास्थय खराब होगा। विरोधी मुखर होंगे। प्रशासनिक कारणो से मान, पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। वैचारिक मतभेद बढ़ेगे। उत्कट विरोध होगा। विवादो में विरोधी पक्ष सफल रहेगा। परिस्थितियो के वशीभूत होकर समझोतो के लिये विवश होना पड़ेगा।यात्राओ में दुर्घटनाओ का भय रहेगा। अन्जानी विपत्ति का सामना करना पड़ेगा । मानसिक तनाव बढ़ेगा।

शुभ दिन : 01, 03, 07, 12, 17, 20, 24, 28, 30

अशुभ दिन : 05, 10, 15, 22, 26,

VYAS PANCHANG

**दिसम्बर:** विरोधी मुखर होंगे। पठन –पाठन, अध्ययन–अध्यापन में अरुचि रहेगी।  कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। आर्थिक हानि होगी। क्रय शक्ति क्षीण होगी। थका देने वाली यात्राओ से कष्ट रहेगा। दाम्पत्य जीवन में विवाद होगे। मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद रहेगे। उदर विकार तथा कब्ज आदि से पीड़ित होगे। निस्तेज शरीर में शिथिलता आयेगी। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नही होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा।

शुभ दिन : 02, 04, 12, 14, 17, 19, 21, 25, 27

अशुभ दिन : 07, 09, 23, 29

VYAS PANCHANG